# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026


# ईरान-इजरायल तनाव के बीच सोना 1 लाख के पार, जाने 16 जून 2025 को आपके शहर का ताजा रेट।


Publisher Published on 16 Jun 2025




## मध्य पूर्व मे तंनाव बढ़ा, सोने की कीमतों मे ऐतिहासिक उछाल।

**Gold Price: ईरान और इजरायल** के बीच बढ़ते सैन्य तनाव का असर अब **वैश्विक अर्थव्यवस्था** और निवेश बाजारों पर दिखने लगा है। इजरायल द्वारा ईरान के प्रमुख परमाणु ठिकानों पर ड्रोन हमले के बाद जवाबी कार्रवाई ने निवेशकों को सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर मोड़ दिया है, और सोना एक बार फिर उनकी पहली पसंद बन गया है।

**सोने की कीमते 1 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम** के पार पहुंच गई हैं, जो अब तक की ऐतिहासिक ऊंचाई है।

**आपके शहर मे संोने-चांदी के ताजा दाम (सोमवार, 16 जून 2025 सुबह 10 बजे)**

| शहर | सोना (10 ग्राम) | चांदी (1 किलो) |
|---|---|---|
| कोलकाता | ₹1,00,160 (बुलियन), ₹1,00,310 (MCX) | ₹1,06,456 |
| मुंबई | ₹1,00,300 (बुलियन), ₹1,00,310 (MCX) | ₹1,06,730 |
| हैदराबाद | ₹1,00,430 (बुलियन) | ₹1,06,910 |
| दिल्ली | ₹1,00,100 (बुलियन), ₹1,00,310 (MCX) | ₹1,06,560 |
| चेन्नई | ₹1,00,570 (बुलियन), ₹1,00,310 (MCX) | ₹1,07,050 |

**निवेशकों की नजर सोने पर**

पिछले दो दशकों में सोना लगभग **1200%** तक महंगा हो चुका है। **2005 मे जो दर ₹7,638 प्रति 10 ग्राम** थी, वह **अब ₹1 लाख** के पार चली गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, **भू-राजनीतिक अनिश्चितता** और **वैश्विक आर्थिक तनाव** की स्थिति में सोना-

चांदी सबसे सुरक्षित निवेश विकल्प माने जाते हैं।

**विशेषज्ञ की राय**

वित्तीय सलाहकार अमित तिवारी कहते हैं: "अगर आप लॉन्ग टर्म के लिए निवेश की सोच रहे हैं, तो सोना आज के समय में भरोसेमंद एसेट साबित हो सकता है। लेकिन तेजी के इस दौर में सावधानी बरतना भी जरूरी है।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.